**खबर संक्षेप**

### उपयंत्री (मनरेगा) का हुआ तबादला परासिया आने को बेकरार पुराने अधिकारी

परासिया : परासिया जनपद में पदस्थ उपयंत्री (मनरेगा) जितेंद्र यादव का तबादला ठीकमगढ़ जिले में हो गया है । जिनकी जगह पाने के लिए इसी पद पर रहे पुराने अधिकारी परासिया आने को बेकरार हैं । परासिया की आबो - हवा का असर है या कुछ और मकसद जो अधिकारियों को बार - बार परासिया की ओर आकर्षित करती है । तभी तो उपयंत्री के तबादला होने के बाद सूत्रों से पता चला है , कि इसी पद पर कुछ अधिकारी जो पहले कभी यहां पदस्थ थे , फिर से यहां आने के लिए जुगत भिड़ा रहे हैं । हालांकि श्री यादव के जाने के बाद से यहां पद खाली है , जिसके लिए शासन की ओर से किसी न किसी को तो भेजा जाएगा । देखना है , कि कोई नया अधिकारी आता है , या फिर पुराने अधिकारी अपनी जुगत में कामयाब होते हैं ।

### मानसी शर्मा बनीं चार्टर्ड अकाउंटेंट, जिले का नाम किया गौरवान्वित

छिंदवाड़ा। शिक्षक कॉलोनी निवासी मानसी शर्मा ने वर्ष 2026 में द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) की प्रतिष्ठित सीए परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। मानसी के पिता महेंद्र शर्मा एवं माता रेखा शर्मा हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है।मानसी की सफलता



संघर्ष, धैर्य और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने वर्ष 2014 में सीपीटी परीक्षा उत्तीर्ण की और इसके बाद आईपीसीसी के दोनों ग्रुप सफलतापूर्वक क्लियर किए। आईपीसीसी पास करने के बाद उन्होंने दिल्ली में तीन वर्ष की आर्टिकलशिप पूरी की, जहां उन्होंने व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।आर्टिकलशिप पूर्ण होने के बाद मानसी ने सीए फाइनल की तैयारी शुरू की। इस दौरान उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा और फाइनल के दोनों ग्रुप पास करने में कई प्रयास लगे, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। लगातार मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर आखिरकार वर्ष 2026 में उन्होंने सीए फाइनल के दोनों ग्रुप उत्तीर्ण कर चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने का सपना साकार कर लिया।29 वर्ष की आयु में सीए बनने वाली मानसी शर्मा ने यह साबित कर दिया कि सफलता उन्हीं को मिलती है जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हैं।

## बंद खदानों में फिर धधका अवैध कोयला कारोबार

# न माने हैं न मानेंगे, कोयला हम तो छानेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



कोयलांचल में बंद कोयला खदानों से अवैध तरीके से खुदाई कर कोयला निकालना , उसे छानना और फिर बेचने का सिलसिला कई वर्षों से जारी है । इसे रोकने के लिए कई बार मशीने चलाकर और कई अन्य तरीके से खदाने पूरी गई , मुहाने बंद किए गए , लेकिन अब भी ये सिलसिला जारी है , जिससे लगता है , कि ये कोयला तस्कर न माने हैं , और न मानेंगे , ये हर हाल में कोयला छानेंगे ।

हाल ही में अवैध कोयला उत्खनन की खबरें प्रकाशित होने के बाद गुरुवार को वेकोलि प्रबंधन के अधिकारी , राजस्व के अधिकारी और पुलिस हरकत में आई और सारा तामझाम लेकर रावनवाड़ा सिद्ध बाबा मंदिर के पीछे स्तिथ बंद ओपन कास्ट कोयला खदान को फिर से बंद करने पहुंचे । यहां से अवैध कोयला कारोबार से जुड़े लोग दिहाड़ी मजदूर लगाकर कोयला निकलवा रहे थे ।

बता दें की कुछ माह पूर्व अंबाड़ा से लेकर झूर्रे तक स्थानीय प्रशासन और कोयला प्रबंधन ने मिलकर उन सभी बंद कोयला खदानों के मुहानों को बंद किया था , जहां से बेखौफ अवैध रूप से कोयला निकाला जा रहा था । इस पूरे बेल्ट में दुबारा फिर वही स्तिथि बन गई है ।

### जोखिम में मजदूरों की जान, तस्कर हो रहे मालामाल

कोई भी खदान वेकोलि प्रबंधन तब बंद करता है , जब उसमें कोयले का भंडारण खत्म हो जाता है , या फिर कोयला निकालना अत्यंत जोखिम भरा हो जाता है । जिसका फायदा कोयला तस्कर उठाते हैं , और गरीब मजदूर लोगों को 100 - 200 रूपये की दिहाड़ी पर इन खदानों में काम पर लगाते हैं । अपना जीवन यापन करने , पेट पालने के लिए ये गरीब मजदूर वर्ग के लोग अपनी जान जोखिम में डालकर शासन - प्रशासन से बचते हुए कभी दिन भर कभी रात भर खदानों की गहरी खाईयों में , खदान के अंदर जहरीली गैसों के बीच रहकर कोयला निकालकर बोरियों में भरते हैं । जिन्हें तस्कर ट्रैक्टरों और अन्य वाहनों में भरकर बड़ी कीमत में बेचकर मालामाल हो रहे हैं ।

### पेंच कन्हान में सक्रिय कोल माफिया

कोयले के अवैध कारोबार से जुड़े लोग की समय के साथ उन्नति होती रही । पहले कोयला चोर कहलाते - कहलाते इनका इस लोगों ने अपना काम इतना बढ़ा लिया की अब इन्हें माफिया कहा जाने लगा । जो पेंच - कन्हान दोनों क्षेत्रों में सक्रिय हैं । पेंच क्षेत्र में इकलेहरा , बड़कुही की बंद कोयला खदानों के अलावा परासिया से झूर्रे तक वर्मा कटिंग , रावनवाड़ा में खेड़ापति मंदिर के पीछे , सिद्ध बाबा मंदिर के पीछे , पेंच में, छिंदा में नदी के किनारे , सेठिया में , 14/15 खदान में , कुकुरमुंडा में बंद कोयला खदानों में इनकी सक्रियता निरंतर बनी रहती है।

### कार्रवाई के बाद फिर हो जाते हैं सक्रिय

कोयले के अवैध करोबार को रोकने के लिए कई बार वेकोलि प्रबंधन , प्रशासन के अधिकारी और पुलिस ने कार्रवाई की , पर ये लोग कुछ दिन शांत रहने के बाद पुनः सक्रिय हो जाते हैं । कुछ लोगों की सेटिंग इतनी जबरदस्त है , कि कोयला परिवहन के दौरान ट्रकों से कोयला गिरवाया जाता है और सुबह - सुबह उसे ठिकाने लगा दिया जाता है । वेकोलि पेंच एरिया रावनवाड़ा सब एरिया मैनेजर अरविन्द खोब्रागढ़े, मैनेजर विजय पासकल , नायब तहसीलदार राम सूर्यवंशी के निर्देशन पर सिक्योरिटी गार्ड कैलाश मोहने , मनीष पटेल की देखरेख में पुलिस कर्मी प्रधान आरक्षक शरद राजपूत और आरक्षक सत्येंद्र बघेल की उपस्थिति में सिद्धबाबा मंदिर के पीछे स्तिथ बंद कोयला खदान में जे सी मशीन चलाकर उन जगहों को बंद किया गया जहां से कोयला निकाला जा रहा था ।

## नगर निगम में नव-नियुक्त कार्यपालन यंत्री सोनू शीतवार ने संभाला पदभार



छिंदवाड़ा। नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा को तकनीकी नेतृत्व के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मजबूती मिली है। नव-नियुक्त कार्यपालन यंत्री (ईई) सोनू शीतवार ने गुरुवार को निगम कार्यालय पहुंचकर विधिवत अपना पदभार ग्रहण किया। उनके आगमन को नगर निगम के विकास कार्यों के लिए सकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है।पदभार ग्रहण के अवसर पर नगर निगम के कार्यालय अधीक्षक मोहन नागदेव एवं कार्यालय सहायक नरेश फरकसे सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान निगम परिवार के सदस्यों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से चर्चा में सोनू शीतवार ने बताया कि वे इससे पूर्व पांढुर्ना में लगभग सात वर्षों तक सहायक यंत्री (एई) के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। इस दौरान विभिन्न विकास एवं अधोसंरचना संबंधी कार्यों के क्रियान्वयन का उन्हें व्यापक अनुभव प्राप्त हुआ। विभाग द्वारा उनके कार्यों को देखते हुए पदोन्नति प्रदान की गई, जिसके बाद उन्हें कार्यपालन यंत्री के रूप में छिंदवाड़ा नगर निगम में पदस्थ किया गया है।उन्होंने कहा कि नगर निगम के विकास कार्यों को गति देना, तकनीकी परियोजनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना तथा नागरिकों से जुड़े मूलभूत सुविधाओं के कार्यों का समयबद्ध निष्पादन उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से शहर के विकास में प्रभावी योगदान दिया जाएगा।नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उनके अनुभव का लाभ शहर के विकास कार्यों में मिलने की उम्मीद जताई है।

### सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर दिया गया जोर

पांढुर्णा। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों एवं लंबित प्रकरणों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा के लिए अपर कलेक्टर श्री नीलमणि अग्निहोत्री की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों के निराकरण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अग्निहोत्री ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल बताते हुए कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लंबित



प्रकरणों की नियमित समीक्षा करें तथा शिकायतकर्ताओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान विभिन्न विभागों के लंबित एवं निराकृत प्रकरणों की स्थिति पर चर्चा की गई। अपर कलेक्टर श्री अग्निहोत्री ने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों का निराकरण केवल औपचारिकता न होकर नागरिकों की अपेक्षाओं के अनुरूप होना चाहिए, जिससे शासन के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके। उन्होंने सभी विभागों को लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण तथा शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर सुश्री नेहा सोनी, एसडीएम पांढुर्णा श्रीमती अलका एक्का, प्रभारी तहसीलदार सुश्री प्रेक्षा पाठक, प्रभारी जनपद पंचायत सीईओ श्री विनय प्रकाश ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## शहर के विकास, नागरिक सुविधाओं और स्वच्छता को लेकर कलेक्टर ने ली निगम की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में शहर के विकास और स्वच्छता को लेकर नगर निगम छिंदवाड़ा की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के समग्र विकास, स्वच्छता और बेहतर नागरिक सुविधाओं को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (बीएलसी), पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता, राजस्व वृद्धि, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में नगर निगम छिंदवाड़ा के आयुक्त श्री सी.पी.राय और सहायक आयुक्त सुश्री मीना कोरी सहित पेयजल, स्वच्छता, पीएम आवास, पीएम स्वनिधि आदि योजनाओं से संबंधित प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री नारायन ने प्रधानमंत्री आवास योजना (बीएलसी) के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का चयन वार्ड स्तर पर नियमानुसार निरीक्षण के बाद ही करने तथा डीपीआर को अनुमोदन उपरांत अग्रेषित करने के निर्देश दिए, जिससे वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को आवास का लाभ मिल सके। शहर की आर्थिक मजबूती के लिए राजस्व आय बढ़ाने के निर्देश दिए गए। वहीं पीएम स्वनिधि योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को क्रेडिट सुविधा से जोड़ने पर बल दिया गया, जिससे अधिक से अधिक छोटे व्यवसायियों को आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिल सके।

बैठक में सभी वार्डों में नियमित और शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने, समयबद्ध सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण तथा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए अमानक पॉलिथिन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। हरित छिन्दवाड़ा के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए लक्ष्य अनुसार गड्ढे तैयार कर छायादार एवं फलदार पौधों का व्यापक पौधरोपण करने की योजना पर जोर दिया गया।

## 21 जून को पुलिस मैदान में होगा जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

आगामी 21 जून 2026 को आयोजित होने वाले बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन नारायन की अध्यक्षता में 15 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, योग संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा योग दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। बताया गया कि जिले में जिला, विकासखण्ड, ग्राम पंचायत, विद्यालय, महाविद्यालय एवं पर्यटन स्थलों पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम 21 जून को प्रातः 6 बजे से 7:45 बजे तक पुलिस मैदान छिन्दवाड़ा में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्री नारायन ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक नागरिकों, विद्यार्थियों एवं संस्थाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों को आवश्यक दायित्व सौंपे गए हैं। संबंधित विभागों को आमंत्रण, सुरक्षा, यातायात, मंच एवं कार्यक्रम स्थल व्यवस्था, विद्यार्थियों एवं अन्य प्रतिभागियों की उपस्थिति, तकनीकी सहयोग, प्रचार-प्रसार, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## जानलेवा हमला आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय ने भेजा जेल

छिंदवाड़ा। स्थानीय बस स्टैंड परिसर में बुधवार रात्रि पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों के बीच हुए हिंसक विवाद ने नगर में सनसनी फैला दी। मामले में आरोपी ने पीड़ित युवक के सिर पर लोहे की रॉड से प्राणघातक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसे गुरुवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार रात सौंसर बस स्टैंड पर रियाज उर्फ बिट्टू मंसूरी सौंसर की ऋषभ कोलहटकर के साथ पुरानी रंजिश को लेकर बहस हुईं। विवाद के दौरान आरोपी रियाज ने तैश में आकर रॉड से ऋषभ के सिर पर हमला कर दिया। हमले में ऋषभ गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल सौंसर अस्पताल ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे नागपुर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय युवको ने सौंसर थाना परिसर में एकत्रित हो गए। आक्रोशित भीड़ ने आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी रूपलाल उइके और उनकी टीम ने तत्काल संज्ञान लिया। जांच अधिकारी एएसआई प्रह्लाद बैरागी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपी रियाज मंसूरी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 118(1)(2), 396(बी) एवं 351(3) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।



पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए आरोपी को हिरासत में लिया गया और आवश्यक कानूनी कार्यवाही के बाद गुरुवार को उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेजने के आदेश दिए गए हैं।

## कुकिंग स्पर्धा का आयोजन, पोषण और स्वच्छता पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई



भारत सरकार के निर्देश, कलेक्टर छिंदवाड़ा के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशन में जनपद पंचायत चौरई तथा जनपद शिक्षा केंद्र द्वारा विकासखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य पीएम पोषण (मिड-डे मील) योजना के तहत विद्यार्थियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, पोषण मूल्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे रहे, जबकि अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरोज राधेश्याम रघुवंशी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों ने विभिन्न विद्यालयों के रसोइयों एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए व्यंजनों का अवलोकन कर उनका स्वाद चखा।पूर्व विधायक रमेश दुबे ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने पर बल दिया। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष शैलेंद्र रघुवंशी ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा संचालित पीएम पोषण योजना बच्चों के स्वास्थ्य और शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।प्रतियोगिता में भोजन के पोषण मान, स्वच्छता के स्तर तथा सुरक्षित खाद्य निर्माण प्रक्रिया को प्रमुख आधार बनाया गया।

रसोइयों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अनाज, दालों एवं सब्जियों के उपयोग से पौष्टिक भोजन तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही एप्रन, टोपी और ग्लव्स के उपयोग सहित स्वच्छता संबंधी मानकों पर विशेष ध्यान दिया गया।

## सभी जोनों में जनकल्याण शिविरों का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार नगर निगम के सभी जोनों में आयोजित जनकल्याण शिविरों के अंतर्गत रविवार को तीसरे एवं अंतिम दिवस कुकड़ा जगत जोन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्षद पंडित श्रीराम शर्मा, श्री उदय सिंह पटेल, जनप्रतिनिधि श्री ओम चौरसिया, सेवानिवृत्त एसडीओ श्री साहू, सहायक आयुक्त सुश्री मीना कोरी, जोनल अधिकारी श्री बृजेश पांडेय, राजस्व अधिकारी श्री महेश साहू, सिटी मिशन मैनेजर श्री उमेश पयासी, सुश्री सेवंती पटेल, राजस्व निरीक्षक श्री ऋषभ स्थापक, श्री अमित सारवान, जोन लिपिक सुश्री रीना पवार सहित नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में बताया गया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक सरल एवं सहज रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से नगर निगम के सभी जोनों में इन शिविरों का आयोजन किया गया। नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के निर्देशानुसार शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया तथा विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराईं।

शिविरों में नगरीय विकास एवं आवास विभाग से संबंधित सेवाओं के तहत अविवादित संपत्ति नामांतरण (मृत्यु प्रकरण), अविवादित संपत्ति हस्तांतरण, नए नल एवं सीवर कनेक्शन, डेड लाइन सुधार कार्य, हैंडपंप एवं ट्यूबवेल सुधार, नो ड्यूज प्रमाण पत्र, पीएम स्वनिधि योजना, फायर एनओसी, भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र, भवन पूर्णता प्रमाण पत्र, आवासीय भवन निर्माण स्वीकृति तथा विकास अनुज्ञा की समय-सीमा वृद्धि संबंधी सेवाओं के लिए आवेदन सुविधा उपलब्ध कराई गई।

## चुनाव आयोग और भाजपा ने मिलकर की लोकतंत्र की सरेयाम हत्या:- महिला कांग्रेस

**कड़ा रोष व्यक्त करते हुए महात्मा गांधी चौक पर फूंका सीएम का पुतला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



राज्यसभा चुनाव में मप्र से कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने का कड़ा विरोध करते हुए छिन्दवाड़ा जिला महिला कांग्रेस ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी चौक पर कड़ा रोष व्यक्त किया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की सख्त मौजूदगी के बीच जिला महिला कांग्रेस की मातृशक्ति ने पूरे संघर्ष और साहस के साथ मप्र के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव का पुतला फूंका। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती सरला सिसोदिया श्रीवास्तव ने चुनाव आयोग की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित और लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए कहा कि केंद्र सरकार और उसके इशारों पर काम कर रहे चुनाव आयोग की तानाशाही के खिलाफ अब संघर्ष का ऐलान कर दिया है। मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द करना सीधे तौर पर लोकतंत्र और संविधान की सरेआम हत्या है। यह पूरी तरह से दुर्भावनापूर्ण कृत्य है। चुनाव आयोग अब एक निष्पक्ष संवैधानिक संस्था न रहकर सत्ताधारी दल का राजनीतिक औजार बन चुका है, जो देश की निष्पक्ष चुनाव प्रणाली पर एक गहरा धब्बा है। भाजपा सरकार की इस तानाशाही के खिलाफ ईंट से ईंट बजाने की चेतावनी देते हुए महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि सत्ता के दबाव में की जा रही इस असंवैधानिक और निंदनीय कार्रवाई के खिलाफ महिला कांग्रेस चुप बैठने वाली नहीं है।

इस तानाशाही के खिलाफ केंद्र सरकार और चुनाव आयोग की ईंट से ईंट बजाने का कार्य करेगी। यह लड़ाई अब केवल नामांकन की नहीं, बल्कि देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने की है। भाजपा ने महिला प्रत्याशी का नामांकन रद्द कर अपना नारी विरोधी चेहरा भी जनता के सामने लाया है।

## नीट 2026 परीक्षा के सुचारू संचालन के लिये कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की लगाई गई ड्यूटी

छिन्दवाड़ा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, नई दिल्ली के निर्देशानुसार नीट (यूजी) 2026 परीक्षा का आयोजन 21 जून 2026 रविवार को किया जाएगा। परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक पूर्व में आयोजित जिले के मुख्यालय स्थित 8 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी। इस परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिये कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर निरीक्षण के लिये कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है। संबंधित परीक्षा केंद्रों में पीएमश्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय राजमाता सिंधिया स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, पीएमश्री ऑटोनॉमस पीजी कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1, शासकीय नवीन जवाहर नवोदय विद्यालय, शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल कैलाश नगर, सांदीपनि विद्यालय सीएम राईज स्कूल गुरैया एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शामिल हैं। सभी नियुक्त अधिकारी परीक्षा केंद्रों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। परीक्षा परिसर में मोबाइल फोन ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही अधिकारियों को अपना परिचय पत्र साथ रखना अनिवार्य किया गया है। परीक्षा से संबंधित किसी भी स्थिति की जानकारी नोडल अधिकारी एवं कंट्रोल रूम प्रभारी को देने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

**24 घंटे में 4.4 मिमी औसत वर्षा रिकॉर्ड**

# अब तक 29.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज, पिछले वर्ष से कम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



जिले में मानसून की गतिविधियां धीरे-धीरे सक्रिय हो रही हैं, लेकिन इस वर्ष अब तक हुई वर्षा का आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में कम बना हुआ है। अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 18 जून 2026 तक कुल 29.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इसी अवधि तक 49.3 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई थी।

इससे स्पष्ट है कि इस वर्ष अब तक जिले में सामान्य से कम वर्षा हुई है।जानकारी के अनुसार छिंदवाड़ा जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1059 मिलीमीटर निर्धारित है। 18 जून 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में 4.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। हालांकि जिले की विभिन्न तहसीलों में वर्षा का वितरण समान नहीं रहा और कई क्षेत्रों में अच्छी बारिश दर्ज की गई, जबकि कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा ही हुई।पिछले 24 घंटों के दौरान सर्वाधिक वर्षा अमरवाड़ा तहसील में दर्ज की गई, जहां 23.2 मिलीमीटर बारिश हुई।

इसके अलावा परासिया में 11.3 मिलीमीटर, जुन्नारदेव में 6.2 मिलीमीटर तथा उमरेठ में 4.8 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। वहीं हर्रई में 2 मिलीमीटर, छिंदवाड़ा में 1 मिलीमीटर और मोहखेड़ में 0.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। कुछ तहसीलों में बारिश का प्रभाव अपेक्षाकृत कम रहा, जिससे किसानों और आम नागरिकों की नजरें आगामी दिनों की वर्षा पर टिकी हुई हैं।एक जून से लेकर 18 जून तक की स्थिति पर नजर डालें तो जिले की विभिन्न तहसीलों में वर्षा के आंकड़ों में काफी अंतर दिखाई देता है।

इस अवधि में चांद तहसील जिले में सर्वाधिक वर्षा वाला क्षेत्र रहा, जहां 84.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इसके बाद अमरवाड़ा में 63 मिलीमीटर तथा तामिया में 40 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई है।अन्य तहसीलों में दर्ज वर्षा के आंकड़ों के अनुसार बिछुआ में 22.3 मिलीमीटर, परासिया में 20.8 मिलीमीटर, जुन्नारदेव में 19 मिलीमीटर, हर्रई में 15.9 मिलीमीटर, चौरई में 14.2 मिलीमीटर, छिंदवाड़ा में 14.2 मिलीमीटर, मोहखेड़ में 11 मिलीमीटर तथा उमरेठ में 5.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून की गति आने वाले दिनों में और तेज हो सकती है। वर्तमान में किसानों को खरीफ फसलों की बुवाई के लिए पर्याप्त वर्षा का इंतजार है। जिले के अधिकांश कृषि क्षेत्र वर्षा आधारित होने के कारण किसानों की निगाहें मानसून की प्रगति पर बनी हुई हैं। यदि आगामी दिनों में अच्छी बारिश होती है तो कृषि कार्यों को गति मिलेगी और जल स्त्रोतों में भी जलभराव की स्थिति बेहतर होगी।

# छिंदवाड़ा का वॉश ऑन व्हील्स प्लस मॉडल देश के लिए बनेगा प्रेरणा स्रोत

## एसबीएम की विशेष राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में छिंदवाड़ा मॉडल की सराहना, केस स्टडी के रूप में विकसित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत छिंदवाड़ा जिले में किए जा रहे अभिनव कार्यों को भारत सरकार स्तर पर विशेष सराहना प्राप्त हुई है। जल शक्ति मंत्रालय, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, भारत सरकार द्वारा आयोजित विशेष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में पूरे मध्यप्रदेश से छिंदवाड़ा जिले के वॉश ऑन व्हील्स प्लस मॉडल का एकमात्र प्रस्तुतीकरण किया गया।



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहीं भारत सरकार की संयुक्त सचिव, जल शक्ति मंत्रालय, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग सुश्री ऐश्वर्या सिंह (आईएएस) ने छिंदवाड़ा जिले द्वारा विकसित वॉश ऑन व्हील्स प्लस मॉडल की सराहना की। उन्होंने कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन, सीईओ जिला पंचायत छिंदवाड़ा श्री अग्रिम कुमार एवं पूरी टीम द्वारा किए गए प्रयासों को सराहनीय बताते हुए इस नवाचार को देश के अन्य जिलों के लिए अनुकरणीय मॉडल एवं केस स्टडी के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए।

संयुक्त सचिव सुश्री सिंह ने निर्देशित किया कि छिंदवाड़ा के वॉश ऑन व्हील्स प्लस मॉडल के क्रियान्वयन, प्रभाव एवं परिणामों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध कराई जाए, ताकि देश के अन्य जिले भी इस मॉडल से सीख लेकर इसे लागू कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि इस नवाचार को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) 3.0 की गाइडलाइन में शामिल करने की दिशा में विचार किया जा सकता है।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत छिंदवाड़ा श्री अग्रिम कुमार द्वारा जिले में संचालित वॉश ऑन व्हील्स प्लस मॉडल का प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने बताया कि छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में लगभग 5 लाख कार्यशील घरेलू नल कनेक्शनों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही 600 ओवर हेड टैंक (ओएचटी), लगभग 7500 वितरण वाल्व सहित जल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है।

कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार के निर्देशन में जिले में इस मॉडल को प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। यह पहल अब छिंदवाड़ा की पहचान बनकर उभर रही है और ग्रामीण जल एवं स्वच्छता प्रबंधन के क्षेत्र में देश के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। भविष्य की कार्ययोजना के अनुसार वॉश ऑन व्हील्स प्लस नवाचार में अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को भी शामिल किया जा रहा है। इसके अंतर्गत गौशाला सफाई एवं सेप्टिक टैंक डीस्लजिंग जैसे कार्यों को जोड़ने की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

## महाकाल दास महाराज ने प्रमुख मंदिरों में दर्शन पूजन कर अपना दिव्या दरबार किया प्रारंभ

छिंदवाड़ा। सर्व विदित है कि 18 से 20 जून 2026 हनुमान कथा एवं दिव्या दरबार का आयोजन आज से प्रारंभ हो गया आज सुबह 10:30 बजे छिंदवाड़ा की धरती पर पधारे श्री श्री महाकाल दास जी महाराज कामाख्या देवी के साधन नरसिंहपुर नाका काली माता का सर्वप्रथम दर्शन एवं पूजन किया वहां पंडितों एवं समिति के भक्तों एवं आम जनता ने उनका भव्य स्वागत किया के द्वारा वहां से देव दर्शन यात्रा प्रारंभ हुई जो की चार फाटक संतोषी माता मंदिर पूजा पुजारी शास्त्री जी द्वारा के स्वागत किया गया एवं नगर शक्तिपीठ बड़ी माता में उनका भव्य स्वागत समस्त बड़ी माता ट्रस्ट के द्वारा किया गया पंडित तिवारी जी ने उन्हें माताजी का श्रीफल एवं चुनरी भेदकर उनका सम्मान किया अनगढ़ हनुमान मंदिर में भी महाराज जी का स्वागत सम्मान ब्रह्मचारी द्वारा किया गया और हनुमान जी के दर्शन पूजा नार्कन महाराज जी द्वारा किया गया वहां से छापाखाना स्थित अष्टभुजा मंदिर में भी भाव माता बहनों ने क्षेत्र की माता ने बहुत स्वागत किया एवं मंदिर के प्रबंध के मयंक साहू एवं बुआ जी ने गुरु जी का सम्मान कर स्वागत किया गुरु जी ने माता रानी का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया फिर सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर में सिद्धेश्वर हनुमान जी का पूजन अर्चन कर अपने हनुमान कथा प्रारंभ की एवं दिव्या दरबार लगाया यह दरबार प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से लगाकर शाम को 7:00 बजे तक निशुल्क रहेगा जिन भक्तों को भी इसका लाभ लेना हो वह सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर पुराना छापाखाना मालवीय पार्क के पास आकर कथा का लाभ लेवे।



## दो दिवसीय श्रुत पंचमी महोत्सव का हुआ शुभारंभ



छिंदवाड़ा। जेष्ठ शुक्ल चतुर्थी गुरुवार के शुभ दिन धर्म नगरी छिंदवाड़ा के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा दो दिवसीय श्रुत पंचमी महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। मंगल महोत्सव की खुशी में प्रातःकाल की मंगल बेला श्रावकगणों ने श्री जिनबिंब प्रक्षालन कर जिनालय पर मंगलकारी ध्वजारोहण किया गया। जिसका सौभाग्य मंडल के महामंत्री अशोक वैभव, फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन, पंडित ऋषभ शास्त्री, प्रफुल्ल जैन, सचिन जैन सहित महिला मंडल को प्राप्त हुआ। ध्वजारोहण के बाद मंगल कलश एवं मां जिनवाणी की स्थापना की गई ओर सकल समाज ने मिलकर श्री जिनेन्द्र पूजन कर दिगंबर महामुनिराजों सहित मां जिनवाणी का गुणगान करते हुए धर्मनाथ भगवान का मंगलकारी मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया। इस अवसर पर जिनशासन सेविका मंजू जैन पायल वाला, अनीता कौशल, पुष्पा जैन, मोनिका कौशल के साथ रंग महल परिवार द्वारा मंगल कलश की स्थापना की गई एवं श्रीमती रानी डॉक्टर के. सी. जैन परिवार द्वारा मां जिनवाणी को विराजमान किया गया। जिसकी विधि डॉ. विवेक जैन, वर्धमान जैन एवं आशीष कौशल ने कराई। फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि आज जेष्ठ शुक्ल पंचमी शुक्रवार को श्रुत पंचमी महोत्सव मनाया जाएगा जिसका शुभारंभ प्रातः 7 बजे श्री जिनबिंब प्रक्षालन से होगा पश्चर 7.20 से श्री जिनेन्द्र पूजन एवं श्रुत पंचमी विधान, 9 बजे से श्री जिनवाणी चल समारोह गोल गंज से मेन रोड, चूना गली, छोटी बाजार, छापाखाना, बुधवारी, गोल गंज होते हुए श्री आदिनाथ जिलालय में समापन पश्चात वीतराग भवन में साधर्मी वात्सल्य होगा, रात्रि 7.30 से श्री जिनेन्द्र भक्ति एवं 8.30 से विद्वत संगोष्ठी का आयोजन स्वाध्याय भवन में रखा गया है जिसका लाभ सकल जैन समाज को प्राप्त होगा।

## राजराजेश्वरी माता मंदिर में मातृ शक्तियों संवाद और पौधारोपण का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मोदी सरकार के 12 साल विश्वास, विकास एवं जनकल्याण को लेकर छिंदवाड़ा शहर के वार्ड नंबर 44 में स्थित राजराजेश्वरी माता मंदिर में मातृ शक्तियों से संवाद एवं पौधारोपण और रामायण पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती शालिनी बंटी विवेक साहू प्रमुख रूप से मौजुद रही।

नगर मंडल 4 महिला मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती माया बन्देवार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा राजराजेश्वरी माता मंदिर में मातृ शक्तियों से संवाद एवं पौधारोपण और रामायण पाठ कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती ललिता वर्मा एवं श्रीमती शालिनी बंटी विवेक साहू ने जहा मोदी सरकार के 12 साल विश्वास, विकास एवं जनकल्याण को लेकर मातृ शक्तियों से संवाद किया वही मंदिर परिसर में पौधारोपण भी करते हुये पौधों के संरक्षण का संदेश भी दिया।

## अन्वेषा रघुवंशी की कविता ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्रीय स्तर पर चयनित

छिंदवाड़ाः- केन्द्रीय विद्यालय चैरई में अध्ययनरत अन्वेषा पिता दिनेश रघुवंशी माता निधि रघुवंशी ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के अधीन कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प और व्यापार चिन्ह द्वारा वर्ष 2025-2026 में आयोजित राष्ट्रीय मौलिक कविता प्रतियोगिता में अन्वेषा की कविता "ऑपरेशन सिंदूर" को देश की शीर्ष 100 प्रविष्टियों में चुना गया है। इस उपलब्धि के साथ ही उनकी इस कविता का प्रकाशन 'अटल बाल हिंदी कविता संग्रह 2025' में भी किया गया है। अन्वेषा की इस शानदार सफलता पर परिवार ,शिक्षकगण, मित्रों और समस्त जिले वासियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया है। अन्वेषा की यह सफलता हमारे पूरे छिंदवाड़ा जिले के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है।

## किसानों के नाम पर राजनीति करना कांग्रेस की पुरानी आदत, भाजपा किसानों के साथ चट्टान की तरह खड़ी है : यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने पूर्व सांसद नकुलनाथ द्वारा खाद वितरण को लेकर दिए गए बयान को तथ्यों से परे और किसानों को भ्रमित करने का प्रयास बताया है। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर चिंता करना अच्छी बात है, लेकिन चिंता के नाम पर राजनीति करना और बिना तथ्य जाने आरोप लगाना कांग्रेस की पुरानी आदत रही है।



भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि किसानों की चिंता का ढोंग वे नकुलनाथ कर रहे हैं, जिन्हें यूरिया, डीएपी और एनपीके खाद के बीच का अंतर तक पता नहीं है। जो कभी खेत में खड़े नहीं हुए, जिन्होंने किसान के माथे का पसीना नहीं देखा, वे आज किसानों के हितैषी बनने का अभिनय कर रहे हैं। किसान सब जानते हैं, उन्हें यह भी पता है कि कौन उनके सुख-दुख में साथ खड़ा रहा और कौन केवल बयान देने आता है।

उन्होंने कहा कि यदि कहीं खाद वितरण में कोई समस्या आती है, तो भाजपा सरकार उसे छिपाती नहीं है। सरकार तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक कदम उठाती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने और किसी भी प्रकार की कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए पूरी गंभीरता से काम कर रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि हमारे लिए किसान केवल वोटर नहीं, परिवार का सदस्य है। किसान का दर्द हमारा दर्द है और किसान की चिंता हमारी चिंता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, समर्थन मूल्य में वृद्धि, सिंचाई योजनाओं के विस्तार और कृषि अधोसंरचना को मजबूत करने जैसे ऐतिहासिक निर्णय किसानों की समृद्धि के लिए लिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को किसानों के नाम पर भ्रम फैलाने के बजाय आत्मचिंतन करना चाहिए। वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस किसानों की समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं दे सकी। आज जब भाजपा सरकार किसानों के हित में लगातार काम कर रही है, तब कांग्रेस के नेता झूठे आरोप लगाकर अपनी राजनीतिक जमीन बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

## भरतादेव में मनाया अंतर्राष्ट्रीय पिकनिक दिवस, नगर निगम के साथ कपड़ा बैंक की सराहनीय पहल



छिंदवाड़ा। गुरुवार 18 जून को नगर पालिक निगम स्वच्छता टीम के साथ कपड़ा बैंक द्वारा भरतादेव में अंतर्राष्ट्रीय पिकनिक दिवस मनाकर विविध आयोजन किए गए। इस अवसर पर कपड़ा बैंक सेवा सहयोग समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमलता भावरकर एवं जिलाध्यक्ष डॉक्टर मीरा पराड़कर के आमंत्रण पर नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, स्वच्छता चैंपियंस अलका शुक्ला, वृक्ष मित्र रविन्द्र सिंह कुशवाह, समाज सेविका आराधना पवार सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमियों के साथ स्वच्छता प्रेमी भरतादेव पहुंचे और वहां पर स्वच्छता अभियान चलाकर एक पौधा मां के नाम लगाया। कार्यक्रम के दौरान ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने सभी को पर्यावरण संरक्षण सहित छिंदवाड़ा को स्वच्छ - स्वस्थ एवं सुंदर बनाने का संकल्प दिलाया वहीं वृक्ष मित्र रविन्द्र सिंह कुशवाह ने ओषधि वाले पौधों सहित कपड़ा बैंक को वस्त्र भेंट किए। सुंदर आयोजन के बाद सभी ने पिकनिक का आनंद उठाया और स्वल्पाहार कर अंतर्राष्ट्रीय पिकनिक दिवस की शुभकामनाएं दीं। अंतर्राष्ट्रीय पिकनिक दिवस पर आयोजित हृदय स्पर्शी सुंदर आयोजन में हेमलता भावरकर, ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन, स्वच्छता चैंपियंस डॉ. मीरा पराड़कर, अलका नीरज शुक्ला, रविन्द्र सिंह कुशवाह, डॉ. सविता चौरे, आराधना पवार, डॉ. रोशनी गुप्ता, सपना सोनी, अर्चना लोखंडे, अंगूरी दीदी मौजूद रहे।

## ट्रेडिंग कंपनियों और मोबाइल ऐप के जरिए ज्यादा मुनाफे का लालच देकर भोले भाले लोगों को ठगने वाले गिरोह सक्रिय

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी क्षेत्र में इन दिनों कथित ट्रेडिंग कंपनियों और मोबाइल ऐप के जरिए ज्यादा मुनाफे का लालच देकर भोले भाले लोगों को ठगने वाले गिरोह सक्रिय हैं। ऐसा ही एक दिल दहला देने वाला मामला वारासिवनी थाना अंतर्गत ग्राम डोंगरमाली से सामने आया है। जहां एक शातिर ठग ने 60 वर्षीय बेबस आदिवासी वृद्ध महिला को अपनी झूठी बातों के जाल में फंसाकर साढ़े 3 लाख रूपये की मोटी रकम ऐंठ ली। इस धोखाधड़ी का सदमा बुजुर्ग महिला का बेटा बर्दाश्त नहीं कर सका और दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गई। अब पीड़ित वृद्ध महिला ने वारासिवनी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने और अपनी राशि वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

शिकायत में ग्राम डोंगरमाली निवासी कांता ठाकरे उम्र 60 वर्ष ने लिखा है कि वारा निवासी पूर्व सरपंच रिजवान उर्फ राजा अली ने उनके और उनके बेटे बंटी ठाकरे से लगातार संपर्क साधा। रिजवान अली ने खुद को एक बड़ी ट्रेडिंग कंपनी का एजेंट बताया और दावा किया कि उसने खुद इस कंपनी से करोड़ों रुपये की संपत्ति बनाई है। आरोपी के झांसे में आकर वृद्ध महिला ने डोंगरमाली स्थित अपनी 3 एकड़ कृषि भूमि 15 लाख रूपये में बेच दी। इस राशि से उन्होंने एक ट्रैक्टर खरीदा और बची हुई राशि में से साढ़े 3 लाख रूपये रिजवान अली के कहने पर उसके द्वारा बनाए गए कथित ट्रेडिंग ऐप में निवेश कर दिए। आरोपी ने प्रति माह 10 प्रतिशत लाभांश देने का वादा किया था और आश्वस्त किया था कि यदि कंपनी डूबी तो वह अपने पास से पैसे लौटाएगा। मई 2025 में रिजवान अली ने गवाह योगेन्द्र सिंह उम्र 53 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 4 के सामने साढ़े 3 लाख रूपये की नगद राशि ली थी। उस वक्त आरोपी ने बकायदा वादा किया था कि खून पसीने कमाई को व्यर्थ नहीं जाने देगा। इसके अलावा आई डी बनाने के नाम पर 10 हजार रूपये अतिरिक्त लिए गए। शुरुआती दो महीनों तक आरोपी ने 18 -18 हजार रूपये के रूप में कुछ पैसे दिए। लेकिन उसके बाद अचानक पैसे देना बंद कर दिया और अपने मोबाइल नंबरों 9926844583, 9425447331 से संपर्क तोड़ने का प्रयास करने लगा। रिजवान अली पैसे देने नहीं आया तो मेरे द्वारा सम्पर्क करने पर उसके द्वारा बताया कि मैंने जो एप्लीकेशन बनाया हूँ, उसमें सुधार का कार्य चल रहा है और सुधार होने के पश्चात आपके पैसे आना चालू हो जायेंगे। फिर भी जब कुछ महिने बीतने के बाद राशि मुझे प्राप्त नहीं हुई तो मैंने एवं मेरे लड़के ने राजा अली से बार बार सम्पर्क किया गया एवं पैसे वापस करने के लिए कहा गया। तब राजा अली द्वारा कहा गया कि जनवरी में पैसा प्राप्त हो जायेगा, आप निश्चिंत रहो मेरी रिस्क है। इसी सोच में पढ़कर जब मेरे लड़के ने बार बार राजा अली से पैसा मांगा और राजा अली के द्वारा पैसा वापस नही करने पर आजसे 2 माह पूर्व मेरे लड़के को सदमा आया और हार्टअटैक आने के बाद उसकी मौत हो गई। अब मेरे पास ना मेरा बेटा है और ना ही मेरा पति जीवित है, मैं अकेली असहाय बुढ़ी महिला हूँ। अब ना मेरे पास जमीन है, ना बेटा और ना ही पति है और मेरा कोई सहारा नहीं है। बार बार रिजवान अली को पैसे वापस करने के लिए आग्रह कर रही हूँ, लेकिन उसके द्वारा ना तो मुझे लाभांश दिया जा रहा है और ना ही मेरी मूल राशि वापस की जा रही है। उल्टा उनके द्वारा मुझे डराया एवं धमकाया जा रहा है कि यदि तुने कही मेरे खिलाफ शिकायत की, तो तुझे जान से खत्म कर देंगे। वैसे भी तू अकेले निवास करती है, किसी को पता भी नहीं चलेगा। मेरे पास ना तो जमीन बची और ना ही पैसा ऊपर से मुझे मेरी जान माल का खतरा भी हो गया है, अब मेरे पास आत्महत्या करने के अलावा कुछ शेष नहीं बचा है। मेरी मांग है कि रिजवान अली के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मेरी राशि मुझे वापस दिलायें।

## जनपद पंचायत खैरलांजी के स्थानापन्न अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा समर्थित जप सदस्य खुशबू गिरीश बिसेन की जीत

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत खैरलांजी के स्थानापन्न अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा समर्थित जनपद सदस्य खुशबू गिरीश बिसेन ने कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्य रितु योगेश सुलकिया को 6 मतों से पराजित कर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमा लिया है। उनकी यह जीत एक तरह से पिछले 4 वर्षों से लड़ी जा रही लड़ाई की सफलता है।



उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 के जनपद पंचायत खैरलांजी के चुनावों के बाद अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में खुशबू गिरीश बिसेन को पराजय का सामना करना पड़ा था। जिसके बाद उन्होंने अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित आशु गुणीराम बघेले के जाति प्रमाण पत्र को लेकर कलेक्टर न्यायालय बालाघाट में परिवाद दायर कर दिया था। जिसे कलेक्टर बालाघाट द्वारा निरस्त करने पर उन्होंने उच्च न्यायालय जबलपुर की शरण ली थी। लगातार सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय जबलपुर के न्यायाधीश ने उनके अधिवक्ता के तर्कों को सही मानते हुए कलेक्टर बालाघाट को निर्धारित समय में सुनवाई कर निर्णय देने का आदेश पारित किया था। जिसके बाद उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेश का पालन करते हुए कलेक्टर बालाघाट ने पुनः सुनवाई करते हुए जनपद पंचायत खैरलांजी अध्यक्ष आशु गुणीराम बघेले के जाति प्रमाण पत्र को अमान्य घोषित करते हुए उनके अध्यक्ष व जनपद सदस्य पद के निर्वाचन को शून्य घोषित कर दिया था। जिससे जनपद पंचायत खैरलांजी अध्यक्ष का पद खाली हो गया था। जनपद पंचायत खैरलांजी के स्थानापन्न अध्यक्ष पद के निर्वाचन के लिए कलेक्टर बालाघाट के निर्देश पर अपर कलेक्टर बालाघाट द्वारा 8 जून 26 को सभी जनपद सदस्य को सूचना जारी कर 18 जून 26 को दोपहर 12 बजे से स्थानापन्न अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ करने की जानकारी दी गई थी।

जनपद पंचायत खैरलांजी के स्थानापन्न अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया सभी सदस्यों के जनपद पंचायत भवन के सभा कक्ष में दोपहर को पहुंचने के बाद प्रारंभ की गई। जिसमें कांग्रेस की ओर से जनपद क्षेत्र क्रमांक 10 की जनपद सदस्य रितु योगेश सुलकिया एवं भाजपा की ओर से जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 20 की जनपद सदस्य खुशबू गिरीश बिसेन द्वारा नामांकन पत्र प्रस्तुत किए गए। नामांकन पत्रों की जांच उपरांत मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। जिसमें जनपद पंचायत खैरलांजी के 23 सदस्यों ने भाग लिया। मतदान के बाद मतों की गणना की गई, जिसमें खुशबू गिरीश बिसेन को 14 मत, रितु योगेश सुलकिया को 8 मत एवं एक मत निरस्त किया गया। इस प्रकार खुशबू गिरीश बिसेन ने रितु योगेश सुलकिया को 6 मतों से पराजित कर स्थानापन्न अध्यक्ष की कुर्सी पर कब्जा जमा लिया। इसके साथ ही पिछले लगभग 4 वर्षों से किए गए संघर्ष की भी विजय हो गई। परिणामों की घोषणा के बाद भाजपा समर्थकों में हर्ष व उल्लास का माहौल छाया रहा। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर अपनी खुशियों का इजहार किया, पटाखे फोड़े गए और मिठाई बांटी गई।

## बिसोनी बाजार में गंदगी का साम्राज्य, वार्डवासियों का फूटा गुस्सा

### मटन-मछली के अवशेषों से फैली सड़ांध, बीमारियों का बढ़ा खतरा, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बिसोनी का साप्ताहिक बाजार इन दिनों बदहाली, गंदगी और अव्यवस्थाओं का केंद्र बन गया है। लाखों रुपये का राजस्व देने वाला यह बाजार अब सड़ांध और लापरवाही की मिसाल बन चुका है। वार्ड क्रमांक 10 के रहवासियों ने समस्या से त्रस्त होकर एसडीएम लांजी को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की है।



स्थानीय लोगों का आरोप है कि बाजार समाप्त होने के बाद मटन और मछली के अवशेष खुले में ही पड़े रहते हैं। तेज गर्मी में ये अवशेष सड़कर पूरे क्षेत्र में दुर्गंध फैलाते हैं। इससे आसपास रहने वाले परिवारों का जीवन प्रभावित हो रहा है और संक्रमण का खतरा लगातार बढ़ रहा है। वार्ड क्रमांक 10 निवासी सालिकराम रामटेककर ने बताया कि उन्होंने वार्डवासियों के साथ आज एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्या से अवगत कराया है। उनका कहना है, बाजार के अवशेषों से पूरे क्षेत्र में गंदगी फैली रहती है। इस गंदगी के कारण कई प्रकार की बीमारियां फैलने लगी हैं, लेकिन नगर परिषद इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रही।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार बाजार में सड़क के ऊपर ही दुकानें लगा दी जाती हैं, जिससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित होता है। कई बार हालात ऐसे बन जाते हैं कि आपात स्थिति में भी वाहन अंदर तक नहीं पहुंच पाते। सालिकराम रामटेककर ने बताया, यहां सड़क पर ही दुकानें लगती हैं, जिससे गाडिय़ां निकल नहीं पातीं। बाजार में फैली गंदगी के कारण आवारा कुत्ते भी बड़ी संख्या में पहुंच जाते हैं, जिससे खतरा और बढ़ जाता है। वार्डवासियों का कहना है कि बरसात नजदीक है और यदि समय रहते सफाई व निकासी व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो हालात भयावह हो सकते हैं। जलभराव और गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाएगा।

सालिकराम रामटेक्कर सहित वार्डवासियो ने चेतावनी देते हुए कहा, शीघ्र ही बरसात शुरू होने वाली है। यदि अभी सफाई व्यवस्था नहीं सुधरी तो कई प्रकार की बीमारियां फैल सकती हैं। प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। नागरिकों ने स्पष्ट किया है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला, तो वार्डवासी उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## साडरा पंचायत में 'विकास' के नाम पर खेल! 14 लाख की सीसी रोड में ठेकेदार-सरंपच की मनमानी पर भड़के ग्रामीण

### मजदूरों को किया किनारे, मशीनों से काम, घटिया निर्माण सामग्री और नियमों की अनदेखी से उठे भ्रष्टाचार के सवाल

हरिभूमि न्यूज लांजी।

लांजी जनपद की ग्राम पंचायत साडरा में मुख्यमंत्री विशिष्ट निधि से बन रही सीसी रोड अब गंभीर विवादों के केंद्र में आ गई है। गांव में योगराज बिल्हारे के घर से माता मंदिर तक लगभग 400 मीटर लंबी सीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी लागत करीब 14 लाख रुपये बताई जा रही है। लेकिन सड़क निर्माण शुरू होते ही पंचायत की कार्यप्रणाली, ठेकेदार की भूमिका और निर्माण गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिल रहा है।



ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत स्तर पर होने वाले ऐसे निर्माण कार्यो का उद्देश्य स्थानीय मजदूरों को रोजगार देना होता है, लेकिन यहां तस्वीर पूरी तरह उलट दिखाई दे रही है। आरोप है कि ग्राम पंचायत के सरपंच ने महाराष्ट्र के आमगांव निवासी ठेकेदार रविन्द्र पाथोड़े को निर्माण कार्य सौंप दिया है। इसके बाद गांव के मजदूरों को पूरी तरह दरकिनार कर भारी पोकलेन मशीनों से मसाला तैयार कर सड़क निर्माण कराया जा रहा है। इसको लेकर ग्रामीणों का कहना है कि सरकार गांवों में रोजगार बढ़ाने के लिए करोड़ों रुपये की योजनाएं चला रही है, लेकिन पंचायत और ठेकेदार की कथित मिलीभगत ने इन योजनाओं की मंशा पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। गांव में चर्चा है कि मोटे कमीशन के खेल में मजदूरों के हक पर खुला डाका डाला जा रहा है।

निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर भी कई गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में हल्की गुणवत्ता का सीमेंट उपयोग किया जा रहा है। इतना ही नहीं, सीसी रोड निर्माण में मजबूती के लिए आवश्यक वाइब्रेटर मशीन का उपयोग भी नहीं किया जा रहा। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि लाखों रुपये खर्च होने के बाद यह सड़क आखिर कितने दिन टिक पाएगी। ग्रामीणों ने सरपंच पर एकतरफा फैसले लेने का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पंचायत के किसी भी बड़े कार्य में न तो पंचों की राय ली जाती है और न ही उपसरपंच को विश्वास में लिया जाता है। सारा काम मनमाने ढंग से किया जा रहा है। किसानों की आवागमन सुविधा के लिए स्वीकृत इस सड़क निर्माण में सामने आ रही अनियमितताओं ने पूरे गांव में नाराजगी का माहौल बना दिया है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि अनियमितता पाई जाए तो जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।

## जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की संपन्न

**बालाघाट।** जिला पंचायत बालाघाट के सभागार में गुरुवार 18 जून को जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों तथा विभागीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष योगेश राजा लिल्हारे, विभिन्न समितियों के सभापति, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा से हुई। इसके बाद स्वास्थ्य, कृषि, सहकारिता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) तथा सिंचाई विभाग सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े मुद्दे उठाते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## पंवार समाज ने जताया विरोध, फूंका पुतला, समाज ने कहा माफी मांगे पूर्व सांसद
# राजा भोज पर टिप्पणी पूर्व सांसद को पड़ी महंगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में गुरुवार को राजाभोज ब्रिज नामकरण को लेकर चल रहे विवाद के बीच पंवार समाज के लोगों ने पूर्व सांसद कंकर मुंजारे के निवास के सामने प्रदर्शन किया। दोपहर करीब 1 बजे समाज के सदस्य उनके घर पहुंचे और उनसे बाहर आकर जवाब देने की मांग करने लगे।

जब कंकर मुंजारे घर से बाहर आए तो प्रदर्शनकारी उनकी ओर बढ़े। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने बीच में आकर स्थिति को संभाला और उन्हें वापस घर के अंदर भेज दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पूर्व सांसद के बीच कहासुनी भी हुई।

पुलिस के हस्तक्षेप के बाद प्रदर्शनकारियों ने पूर्व सांसद का पुतला दहन किया और सड़क पर बैठकर धरना शुरू कर दिया। पंवार समाज के लोगों का कहना था कि राजाभोज के संबंध में दिए गए कथित बयान को लेकर कंकर मुंजारे सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। साथ ही उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने की भी मांग की गई।

धरने के कारण क्षेत्र में करीब डेढ़ घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। सड़क पर वाहनों की आवाजाही धीमी हो गई, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

प्रदर्शन से पहले सामाजिक रैली के पूर्व सांसद के निवास तक पहुंचने की जानकारी प्रशासन और पुलिस को होने की बात कही जा रही है। इसके बावजूद मौके पर शुरुआती दौर में सुरक्षा व्यवस्था सीमित नजर आई। बाद में पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित किया।

प्रदर्शन के बाद पंवार समाज के प्रतिनिधि पंवार समाज की ओर से पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और एक ज्ञापन सौंपा। अधिकारियों से मामले में कार्रवाई की मांग की गई।





पंवार समाज के अध्यक्ष विशाल बिसेन ने कहा कि समाज अपने सम्मान से जुड़े मुद्दों पर आगे भी आवाज उठाता रहेगा। वहीं, पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने आंदोलन को प्रायोजित बताया। उन्होंने अपनी सुरक्षा को लेकर आशंका जताई और कहा कि वे अपने बयान पर कायम हैं तथा माफी नहीं मांगेंगे। मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच मतभेद बरकरार हैं।

## बारिश में देरी से बढ़ी किसानों की टेंशन, खरीफ फसलों पर संकट!
### 25 जून तक नहीं आया तो बुवाई प्रभावित होगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले में मानसून की देरी से किसान चिंतित हैं। कृषि वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि यदि 25 जून तक मानसून नहीं आता है, तो धान की बुवाई पर गंभीर असर पड़ सकता है। इस वर्ष पिछले दो सालों की तुलना में कम बारिश दर्ज की गई है, जिससे उमस भरी गर्मी भी बढ़ गई है।

बालाघाट एक प्रमुख धान उत्पादक जिला है, जहाँ बड़े पैमाने पर धान की खेती की जाती है। किसान अपनी बोवनी शुरू करने के लिए बेसब्री से बारिश का इंतजार कर रहे हैं। कृषि वैज्ञानिक उत्तम बिसेन ने बताया कि बालाघाट में मानसून आमतौर पर 10 से 20 जून के बीच आता है। किसान अपने खेत तैयार कर चुके हैं और बीज-खाद भी खरीद लिए हैं, लेकिन बारिश के अभाव में बुवाई रुकी हुई है।

जिले में इस साल बारिश की स्थिति पिछले दो वर्षों से कमजोर है। 1 जून से 18 जून के बीच हुई बारिश के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में 13.6 मिलीमीटर और वर्ष 2023 में 17.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। इसके विपरीत, इस वर्ष इसी अवधि में केवल 10.3 मिलीमीटर ही वर्षा हुई है।

हालांकि, मौसम विज्ञान केंद्र बड़गांव के कृषि वैज्ञानिक धर्मेंद्र अगासे ने 21 जून तक हल्की वर्षा और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। उन्होंने भारत मौसम विज्ञान विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त पांच दिवसीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान के आधार पर यह जानकारी दी। उनके अनुसार, जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हल्के बादल छाए रहने, हल्की वर्षा होने, आकाशीय बिजली गिरने तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी-तूफान के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है।

अगासे ने जिले के किसानों को सलाह दी है कि वे मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए अपने कृषि कार्यों की योजना बनाएं। धान की बुवाई, बीज उपचार और अन्य खरीफ फसलों से संबंधित कार्य मौसम की स्थिति को देखकर ही करें।

## खाकी पर हमले के 15 दिन बाद ही फिर गरमाया अवैध रेत का बाजार, 'मैनेजमेंट' के नाम पर वसूली जारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पुलिस, खनिज और राजस्व विभाग की नाक के नीचे रेत कारोबारी एक बार फिर चुनौती बनकर खड़े हो गए हैं। हैरान कर देने वाली बात यह है कि अभी कुछ ही दिन पहले एक प्रधान आरक्षक पर रेत कारोबारी द्वारा प्राणघातक हमला किया गया था। इस खौफनाक वारदात को बीते महज 15 से 20 दिन ही हुए हैं कि रेत का यह काला कारोबार पुनः अपने पुराने और बेखौफ अंदाज में शुरू हो चुका है। प्रशासनिक कार्रवाई का डर पूरी तरह गायब नजर आ रहा है।

### रात ढलते ही सड़कों पर उतरती हैं ट्रैक्टर-ट्रालियां

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, रेत कारोबारी ने अब अपना समय बदल लिया है। रात 10 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक अंधेरे का फायदा उठाकर सर्राटी



नदी के पनबिहरी, अमोली, देवरी और पोटियापाट जैसे घाटों से भारी मात्रा में अवैध रेत का उत्खनन और परिवहन धड़ल्ले से किया जा रहा है। रात भर सड़कों पर बिना नंबर की ट्रैक्टर-ट्रालियां सरपट दौड़ती देखी जा सकती हैं।

बिना रॉयल्टी भी रू3000 तक वसूली, 'मैनेजमेंट' के नाम पर खेल बिना रॉयल्टी भी रू3000 तक वसूली, 'मैनेजमेंट' के नाम पर खेल

इस पूरे खेल में सबसे बड़ा विरोधाभास इसकी कीमतों को लेकर है। आम जनता के मन में यह सवाल है कि जब वैध रूप से रेत निकाली जाती थी, तब रॉयल्टी के कारण रेत महंगी होना समझ आता था। लेकिन अब जब बिना रॉयल्टी के सीधे नदी से रेत चुराई जा रही है, तो ग्राहकों को यह सस्ते दामों पर मिलनी चाहिए थी। इसके उलट, बाजार में चोरी की यह रेत 2500 से 3000 रुपये प्रति ट्राली बेची जा रही है।

### आखिर किसको किया जा रहा है 'मैनेज'...?

जब ग्राहकों द्वारा इस महंगी रेत पर सवाल उठाया जाता है, तो कारोबारियों की तरफ से तर्क दिया जाता है कि ₹ऊपर से नीचे तक सबको मैनेज करना पड़ता है।₹ इस कथित 'मैनेजमेंट' की लिस्ट में पुलिस, राजस्व, खनिज विभाग, स्थानीय गांव और पत्रकारों का नाम बता दिया जाता है। अब सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा होता है कि आखिर इस मोटी रकम से वाकई किसे मैनेज किया जा रहा है, या फिर 'मैनेजमेंट' के नाम पर रेत कारोबारी खुद अपनी जेबें गरम कर रहे हैं...?

## नगर पालिका मलाजखंड में जनकल्याण शिविर का हुआ आयोजन
### विभिन्न विभागों ने एक ही स्थान पर दीं सेवाएं

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के मध्य संचालित विशेष अभियान के तहत विकासखंड बिरसा अंतर्गत नगर पालिका परिषद मलाजखंड परिसर में 18 जून को जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मध्य प्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य भगत सिंह नेताम के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष मानसिंह मेरावी ने की। इस अवसर पर भगत सिंह नेताम कहा कि जब भी शिविर का आयोजन होता हैं तो हितग्राहियों को आगे आकर अपनी समस्याओं से अवगत करना चाहिए। तभी उसका समाधान प्रशासन द्वारा किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का



लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना, लंबित आवेदनों एवं जन शिकायतों का त्वरित निराकरण करना तथा विभिन्न विभागीय सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना रहा।अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैहर अर्पित गुप्ता के निर्देशन में आयोजित इस शिविर का संचालन 11 जून, 13 जून एवं 18 जून को किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर अपनी समस्याओं, मांगों एवं आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश बाघमारे ने बताया कि शिविर में राजस्व, पशुपालन, मत्स्य, विद्युत, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पंचायत एवं सामाजिक न्याय, उद्यानिकी, कृषि, श्रम, नगरीय प्रशासन एवं विकास, खाद्य, जनजातीय कार्य तथा वन विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उन्होंने आमजन को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ प्राप्त आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया भी प्रारंभ की।जनकल्याण शिविर के माध्यम से नागरिकों को शासन की योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने, समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने तथा विभागीय सेवाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। प्रशासन ने आमजन से शासन की योजनाओं का लाभ लेने और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए ऐसे शिविरों में सक्रिय सहभागिता करने की अपील की है।इनकी रही मौजूदगीइस अवसर पर सभापति मधु सेन्दरे, राजेंद्र राहंगडाले, सुबदार सिंह ,सीएमओ दिनेश बाघमारे, जनपद पंचायत बिरसा सीईओ नितिन भट्ट, संजय जैतवार जिला योजना सलाहकार समिति सदस्य, सुनील राहंगडाले मंडल अध्यक्ष, विजय वल्के महामंत्री, सविता नंदन जैसवाल, त्रिवेणी गोस्वामी उपाध्यक्ष, कृष्णा लाहोरी , राजेश मरकाम सहित शिविर में सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जिले के 26 शासकीय भवनों पर रेस्को मॉडल से लगेंगे सोलर पैनल

**बालाघाट।** बालाघाट जिले के विभिन्न विभागों के 26 शासकीय भवनों पर रेस्को (RESCO) मॉडल के तहत सोलर पैनल स्थापित किए जाएंगे। इस संबंध में गुरुवार18 जून को कलेक्टर श्री मृणाल मीना की उपस्थिति में संबंधित विभागों के अधिकारियों, मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम तथा सोलर पैनल स्थापित करने वाली कंपनी के बीच अनुबंध संपन्न हुआ। बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने बताया कि जिले में विभिन्न विभागों के कुल 78 शासकीय भवनों को सोलर पैनल स्थापना के लिए चिन्हित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 26 भवनों के साथ-साथ शेष भवनों पर भी सोलर पैनल लगाने के लिए अनुबंध संबंधी प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए, ताकि जिले में अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिल सके। अनुबंध के अनुसार सोलर पैनल की स्थापना करने वाली कंपनी द्वारा आगामी 25 वर्षों तक उनके संचालन एवं रखरखाव (मेंटेनेंस) की जिम्मेदारी निभाई जाएगी।

## बाड़ी विवाद, महिला को बाल पकड़कर पीटा, सिर और कमर में आई गंभीर चोट

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के तीनटोला नवेगांव में बाड़ी विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट की गई। घटना का वीडियो सामने आने और घायल महिला को गुरुवार को जिला अस्पताल में भर्ती कराए जाने के बाद परिजनों ने पुलिस पर निष्क्रियता का आरोप लगाया है। वहीं, पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

जिला अस्पताल में उपचाराधीन पीड़ित महिला सुनीता दमाहे ने बताया कि यह घटना बीते



15 जून की है। बाड़ी विवाद को लेकर पटले परिवार की तीन महिलाओं और दो पुरुषों ने उनके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की।

मारपीट के दौरान महिला के बेटे ने घटना का पूरा वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया था, जो अब वायरल हो रहा है। परिजनों का आरोप है कि घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराने के बावजूद स्थानीय पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है और वे खुलेआम घूम रहे हैं।

इस पूरे मामले में रामपायली थाना प्रभारी धर्मराजसिंह बघेल ने बताया कि परिजनों के आरोप निराधार हैं। घटना को लेकर दोनों पक्षों की तरफ से शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिसके आधार पर पुलिस ने काउंटर केस दर्ज कर लिया है। घायल महिला की एमएलसी जांच भी कराई गई है और मामले की बारीकी से जांच की जा रही है।इस हमले में उनके सिर और कमर में गंभीर अंदरूनी चोटें आई हैं। गुरुवार को दर्द अधिक बढ़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, जहां फिलहाल उनकी हालत स्थिर है।

## चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, 4 लाख से अधिक का मशरूका बरामद

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के लांजी में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 4 लाख रुपये से अधिक का चोरी का माल बरामद किया है।

लांजी निवासी रूपेश बड़मे के घर 29 मई की रात चोरी हुई थी। इस संबंध में रूपेश बड़मे ने 16 जून को लांजी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि सूने मकान में घुसकर अज्ञात चोरों ने अलमारी और लॉकर के ताले तोड़कर सोने के जेवरात और 15



हजार रुपये नकद चुरा लिए थे।

शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जांच शुरू की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो लोग एक स्कूटी पर सराफा दुकान के आसपास सोने की अंगूठी बेचने का प्रयास कर रहे हैं।

इसके बाद पुलिस ने संदिग्ध दोनों आरोपियों, लांजी के पूर्वाटोला निवासी विकास बड़मे (जो फरियादी का कथित रिश्तेदार है) और उसके साथी मनीष नागेन्द्र को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उन्होंने 29 मई की रात चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

आरोपियों ने बताया कि वे रूपेश बड़मे के घर के पीछे का दरवाजा खोलकर अंदर घुसे थे। वहां से उन्होंने अलमारी का लॉक तोड़कर सोने के आभूषण और नकद रुपये चुराए थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 4 लाख रुपये से अधिक का चोरी का माल बरामद किया है। लांजी थाना प्रभारी उनि. दीपसिंह परमार ने गुरुवार को मीडिया से यह जानकारी साझा की।

## जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक संपन्न, हुई समीक्षा

**बालाघाट।** जिला पंचायत बालाघाट के सभागार में गुरुवार 18 जून को जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों तथा विभागीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष योगेश राजा लिल्हारे, विभिन्न समितियों के सभापति, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा से हुई। इसके बाद स्वास्थ्य, कृषि, सहकारिता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) तथा सिंचाई विभाग सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े मुद्दे उठाते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सरसवार ने जिले के अस्पतालों में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा जिले में 52 स्थायी मेडिकल अधिकारियों की पदस्थापना की गई है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा। अध्यक्ष ने आउटसोर्स के माध्यम से कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही वर्षा ऋतु में सर्पदंश के मामलों को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध रखने पर जोर दिया। विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में विषरोधी दवा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उपसंचालक कृषि ने बताया कि जिले में मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के अंतर्गत मृदा परीक्षण के लक्ष्य पूरे किए जा रहे हैं।

## शिक्षा के निजीकरण व्यवसाय से लोग परेशान : उमाकांत बंदेवार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

18 जून को परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के हट्टा में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया । कार्यकर्ता आयोजन को संबोधित करते हुए उमाकांत बंदेवार जोन प्रभारी भोपाल ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा शिक्षा के निजी एव व्यवसाय करण से आम जनता की कमर तोड़ दी है। निजी स्कूलों द्वारा भारी फीस, महंगी किताबों और विशेष दुकानों से ड्रेस खरीदने की मनमानी के कारण अभिभावक बेहद परेशान हैं क्योंकि प्रायवेट स्कूल, कालेज मनमाने ढंग से पैसा वसूल करते है इतना ही नहीं ड्रेस,पुस्तक,अन्य स्कूल सामग्री अपने संस्थान से खरीदने दबाव डालते है फिर भी लोग अपने बच्चों को शिक्षा दे रहे है सरकार के निजीकरण की नीति के चलते लोगों को रोजगार नहीं मिल पाता है जबकि लोकतंत्र में और खासकर भारतीय संविधान में शिक्षा संविधान की अवधारणा है कि लोगों को रोजगार देना है ताकि



लोगों का जीवन गौरवशाली हो यह बात संविधान के अनुच्छेद 21 में है लोगों को जीने का अधिकार दिया गया है लेकिन देश/प्रदेश में पूंजीवादी,जातिवादी दलों की सरकार होने के कारण लोगों को उनका संवैधानिक अधिकार नहीं मिल रहा है इसलिए आप सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं से निवेदन है बहन कुमारी मायावती जी राष्ट्रीय अध्यक्ष बसपा एवम पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के संदेश को बूथ स्तर तक पहुंचाकर परसवाड़ा में बसपा का विधायक बनाए ताकि मध्यप्रदेश में बसपा की सरकार बन सके बैठक को इजी0 महेंद्र जिला अध्यक्ष बालाघाट, एड. राज्यपाल ऊके जिला महासचिव, दुर्गेश बिसेन पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने संबोधित किया बैठक को सफल बनाने सराहनीय योगदान मुकेश कुमार, आनंद वैध विधानसभा प्रभारी परसवाड़ा प्रमोद बोरकर विधानसभा अध्यक्ष पसवाड़ा विनोद गजभिए, राजेश चौहान, हेमलता लिल्हारे, विधानसभा उपाध्यक्ष की उपस्थिति रही ।







